आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 26.03.2026
समय 0720

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अगले 10 वर्षों में 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सौ हवाई अड्डों के विकास के लिए संशोधित उड़ान योजना को मंजूरी दी।
- पेट्रोलियम मंत्रालय ने ईंधन की कीमतों में वृद्धि की अफवाहों को खारिज किया। लोगों से घबराहट में खरीदारी नहीं करने का आग्रह किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनजातीय परंपराओं और स्थानीय उत्पादों को संरक्षित करते हुए उन्हें नई पीढ़ी तक प्रभावी रूप से पहुंचाने पर जोर दिया।
- मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत 142 करोड़ 72 लाख रुपये की पेंशन 'वन क्लिक' के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की।
- और... प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के विस्तार के लिए आठ नये पॉलीटेक्निक कॉलेज स्थापित किए जाएंगे।

## उड़ान योजना

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना– संशोधित उड़ान योजना को वर्ष 2026–27 से वर्ष 2035–36 तक दस वर्ष के लिए लागू करने की मंजूरी दी। इस पर 28 हजार आठ सौ 40 करोड़ रुपये का कुल परिव्यय आयेगा। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए सौ नये हवाई अड्डों का विकास किया जाएगा। इसमें टियर टू और टियर थ्री के शहरों में आर्थिक विकास, व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को किफायती हवाई यात्रा सुगम होगी।

मंत्रिमंडल ने वर्ष 2031 से 2035 की अवधि के लिए भारत के राष्ट्रीय निर्धारित योगदान को भी मंजूरी दे दी है। इससे संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन रूपरेखा संधि और पेरिस समझौते के अन्तर्गत देश की महत्वाकांक्षा को बढ़ावा मिला है।

## गैस मंत्रालय

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में 26 करोड टन कच्चे तेल के शोधन की क्षमता है। पश्चिम एशिया घटनाक्रम पर कल नई दिल्ली में अंतर मंत्रालय प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बढोतरी नहीं की गई।

संयुक्त सचिव ने कहा कि सरकार पीएनजी विस्तार पर ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि सभी राज्यों में पीएनजी कनेक्शन संबंधी आवेदन शुल्क और स्वीकृत समय–सीमा को व्यवस्थित करने के लिए कल गजट अधिसूचना जारी की गई है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 50 भारतीय नाविकों को स्वदेश लाया गया है।

## जनजातीय महोत्सव 2026

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि जनजातीय परंपराओं, पारंपरिक ज्ञान और स्थानीय उत्पादों को संरक्षित करते हुए उन्हें नई पीढ़ी तक प्रभावी रूप से पहुंचाना जरूरी है। वे देहरादून में आयोजित उत्तराखंड राज्य जनजातीय महोत्सव–2026 को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत 142 करोड़ 72 लाख रुपये की पेंशन 'वन क्लिक' के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन केवल एक महोत्सव नहीं, बल्कि जनजातीय समाज की जीवंत विरासत, सादगीपूर्ण जीवन–दर्शन और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में निवास करने वाला जनजातीय समाज राष्ट्र की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

श्री धामी ने कहा कि जनजातीय समाज के सम्मान, स्वाभिमान और विकास के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। इसके तहत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय जैसी योजनाओं के माध्यम से शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर सृजित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के 128 जनजातीय गांवों को चिन्हित कर उनके समग्र विकास के लिए कार्य किया जा रहा है।

साथ ही, श्री धामी ने कहा कि प्रदेश की संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से सरकार ने राज्य में धर्मांतरण कानून लागू किया है।

## तकनीकी शिक्षा विभाग

प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के विस्तार के लिए आठ नये पॉलीटेक्निक कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। साथ ही विश्वविद्यालय के सभी कैंपस कॉलेजों और पॉलीटेक्निक संस्थानों में लंबे समय से रिक्त शैक्षणिक और शिक्षणेत्तर पदों पर स्थायी नियुक्तियां की जाएंगी।

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में आयोजित तकनीकी शिक्षा विभाग की बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभाग में पदोन्नति और विभिन्न संवर्गों के रिक्त पदों को भरना प्राथमिकता में रहेगा।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाई जाएगी और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

डॉ. रावत ने कहा कि राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भी जल्द भरा जाए, ताकि छात्र–छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

## रामनवमी

चैत्र नवरात्रि के समापन अवसर पर आज रामनवमी का पर्व पूरे प्रदेश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। हालांकि, कुछ हिस्सों में आज दोपहर तक अष्टमी और उसके बाद रामनवमी मनायी जाएगी। इस बीच, प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही पूजा–अर्चना और विशेष अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है।

देहरादून, हरिद्वार और ऋषिकेश सहित कई स्थानों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा और कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी भी चल रही है। धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन और पुलिस द्वारा भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

रामनवमी के अवसर पर प्रदेश के राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं और कहा है कि भगवान श्रीराम का आदर्श जीवन हमें सत्य, मर्यादा और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। श्री धामी ने कहा कि उनका व्यक्तित्व धैर्य, मर्यादा, त्याग, तपस्या, नैतिक आचरण, सदाचार और परोपकार जैसे गुणों का अनुपम उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने

कहा कि भगवान श्री राम ने अपने जीवन की प्रत्येक कठिनाई का सामना जिस आदर्श और धैर्यपूर्ण तरीके से किया, वह सम्पूर्ण मानव समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करें।

## जिला गंगा संरक्षण समिति

हरिद्वार जिले में जिला गंगा संरक्षण समिति की 71वीं बैठक आयोजित की गई। प्रभागीय वनाधिकारी स्वप्निल अनिरुद्ध ने बैठक में गंगा की स्वच्छता और निर्मलता बनाए रखने को लेकर विभिन्न विभागों को सख्त निर्देश दिए।

प्रभागीय वनाधिकारी ने जल संस्थान और पेयजल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने–अपने विभागों द्वारा संचालित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि किसी भी गौशाला या डेयरी से निकलने वाला गोबर और गंदगी गंगा में न जाए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में गंगा में नालों का गंदा पानी या कूड़ा–कचरा नहीं जाना चाहिए। इसके लिए संबंधित विभागों को उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा, जिन पुलों पर जाली लगाने का कार्य प्रस्तावित है, उसे जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए गए।

## नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....

राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय आज सभी समाचार पत्रों के पहले पृष्ठ की सुर्खियां बनी हुई हैं। अमर उजाला लिखता है– पूर्व सैनिकों और अग्निवीरों के लिए जल्द शुरू होगी उद्यमी योजना। इस खबर पर नवोदय टाइम्स का शीर्षक है– धामी कैबिनेट के लिए कई अहम फैसले, दिखी चुनावी छाप।

देवभूमि में उपद्रवियों पर नकेल, अब होगी वसूली– इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण लिखता है– जुलूस–प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक व निजी संपति को नुकसान पहुंचाने पर आयोजक जिम्मेदार होंगे।

स्कूल वाहनों के किराए पर हिन्दुस्तान की सुर्खी है– निजी स्कूल बसें 10 किलोमीटर के दायरे में लेंगी अधिकतम बाइस सौ रुपये। इस खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– प्रदेश में स्कूली बसों व वैन का मासिक किराया तय।